# ज़ुल्म के ख़िलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2019-21

वर्ष : ०५ | अंक : १९ | मुंबई, शुक्रवार, १२ अप्रैल से १८ अप्रैल २०१९ | RNI No. : MAHHIN/2014/59999 | पृष्ठ : ४ | मूल्य : २/- रुपये


# लोकसभा चुनाव २०१९ : ऐसे मतदान करें !

**आसिफ खान**

**मुंबई :** भारतीय चुनाव २०१९ का पहला चरण २० राज्यों में मतदाताओं के साथ शुरू हुआ है, जो लोकसभा के लिए अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करने के लिए अपने वयस्क मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं

**ऐसे कर सकते हैं मतदान**

आप अपना वोट तभी दे सकते हैं जब आपका नाम वोटर लिस्ट (जिसे इलेक्टोरल रोल के नाम से भी जाना जाता है) में दिखाई दे। मतदाता मतदान केंद्र, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों, चुनाव की तारीखों और समय, पहचान पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**वोट कैसे करें: मतदाता सूची पर अपना नाम कैसे जांचें?**

बताई गयी वेबसाइट पर मतदाता सूची में 'लॉग-इन' करें।

वोटर हेल्पलाइन १९५० पर कॉल करें (कृपया डायल करने से पहले अपना एसटीडी कोड जोड़ें)। एसएमएस <ECI> स्पेस <EPIC No> से १९५० तक (EPIC) का मतलब इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड है, जिसे आमतौर पर वोटर आईडी कार्ड के रूप में भी जाना जाता है)।

**उदाहरण** - यदि आपका ईपीआईसी १२३४५६७८ है तो एससीआई १२३४५६७८ से १९५० par एसएमएस करें।

- मतदाता हेल्पलाइन एप डाउनलोड करें।
- अपना पोलिंग बूथ कैसे खोजें?
- मतदाता अपना मतदान केंद्र खोजने के लिए मतदाता खोज पोर्टल पर जा सकते हैं या मतदाता हेल्पलाइन ऐप का उपयोग कर सकते हैं
- मतदाता वोटर हेल्पलाइन पर कॉल कर सकते हैं, संख्या १९५० है (कृपया डायल करने से पहले अपना एसटीडी कोड जोड़ें)
- मतदान केंद्र स्थान के लिए एसएमएस <EPICS> स्थान <EPIC No> से १९५० पर एसएमएस करें।
- पोलिंग बूथ पर पहचान प्रमाण के रूप में क्या प्रमाण दिखा सकते हैं?
- *EPIC(वोटर आईडी कार्ड)
- आधार कार्ड
- पासपोर्ट
- ड्राइविंग लाइसेंस
- केंद्रीय / राज्य सरकार / पीएसयू / रिपब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोग्राफ के साथ सेवा पहचान पत्र
- बैंक / डाकघर द्वारा जारी फोटोग्राफ वाली पासबुक
- पैन कार्ड
- एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड
- मनरेगा जॉब कार्ड (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी)
- श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड
- तस्वीर के साथ पेंशन दस्तावेज
- सांसदों / विधायकों / एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र
- चुनाव की तारीखें कौन सी हैं?
- लोकसभा चुनाव ११ अप्रैल - २३ मई, २०१९ से निर्धारित हैं। कृपया अपनी सटीक तारीख की जाँच करने के लिए Electoralsearch.in पर जाएँ।


### मतदान कैसे करें: मतदान केंद्र पर मतदान प्रक्रिया क्या है?

- मतदान अधिकारी आपका नाम वोटर लिस्ट में डालकर आपका आई.डी. प्रूफ चेक करेंगे।
- अधिकारी आपकी उंगली पर स्याही लगाएगा, आपको एक पर्ची देगा और एक रजिस्टर (फॉर्म १७ ए) पर अपना हस्ताक्षर लेगा।
- आपको तीसरे मतदान अधिकारी को पर्ची जमा करनी होगी और अपनी स्याही लगी हुई उंगली दिखानी होगी और फिर मतदान कक्ष में जाना होगा।
- इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर अपनी पसंद के उम्मीदवार के प्रतीक के बाजू में मतपत्र बटन दबाकर अपना वोट रिकॉर्ड करें; आपको बीप की आवाज सुनाई देगी।
- VVPAT मशीन की पारदर्शी विंडो में दिखाई देने वाली पर्ची की जाँच करें। सीलबंद VVPAT बॉक्स में ड्रॉप होने से पहले उम्मीदवार के सीरियल नंबर, नाम और प्रतीक के साथ पर्ची ७ सेकंड के लिए दिखाई देगी।
- यदि आपको कोई भी उम्मीदवार पसंद न हो तो आप NOTA (उपरोक्त में से कोई भी नहीं), दबा सकते हैं; यह ईवीएम पर अंतिम बटन है।
- अधिक जानकारी के लिए, कृपया http://ecisveep.nic.in/ पर मतदाता गाइड देखें।
- पोलिंग बूथ के अंदर मोबाइल फोन, कैमरा या कोई अन्य गैजेट ले जाने की अनुमति नहीं है।




**चरण १ - ११ अप्रैल**
**चरण २ - १८ अप्रैल**
**चरण ३ - २३ अप्रैल**
**चरण ४ - २९ अप्रैल**
**चरण ५ - ६ मई**
**चरण ६ - १२ मई**
**चरण ७ - १९ मई**
**चुनाव के नतीजे २३ मई को घोषित किए जाएंगे।**
**ज़ुल्म के खिलाफ आवाज़ के समाचार पत्र के माध्यम से हम सभी वैध भारतीयों मतदातागण से अनुरोध करते हैं, के अपना वोट के अधिकार को इस्तेमाल अवश्य करें।**

# अंधेरी कोर्ट एड्वोकेट बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न







**जाफर शेख**

**मुंबई :** अंधेरी कोर्ट एड्वोकेट बार एसोसिएशन का चुनाव शुक्रवार दिनांक ५ अप्रैल को संपन्न हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस बार वकील सदस्यों ने वरिष्ठ अधिवक्ता (एड्वोकेट), आर.पी.मिश्रा को अध्यक्ष पद के लिए चुना है।

चुनाव की मुख्य सूचि निम्न तरीके से रही, अध्यक्ष पद के लिए आर.पी.मिश्रा २९१ वोट से विजयी हुए जबकि उनके प्रतिद्वंदी कृष्णाकान्त शुक्ला २४६ पर रहे। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए लड़ रहे ओझा रामजी को २९७ वोट से जीते तथा सुप्ले अर्चना को २२७ वोटों से पराजय हासिल हुई ।सचिव पद के लिए कुशवाहा को २९४ वोट मिले और २९४ वोट संयुक्त सचिव श्रद्धा पांडेय को २९४ वोट मिले। कोषाध्यक्ष के वोटों में उपाध्याय ने ३८६ से बडोहटरी ली जो के तेलकर सचिन के २२० वोटों को मात दे गयी। कमिटी सदस्यता में प्रथम विजेता राकेश यादव रहे।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष एड्वोकेट राम.जी.ओझा और एड्वोकेट रघुनाथ कुशवाहा, सचिव चुने गए। सह-सचिव पद के लिए श्रद्धा पांडे तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए एड्वोकेट रत्नेश जी उपाध्याय को चुना गया।

कमेटी सदस्य के लिए एड्वोकेट राकेश यादव, एड्वोकेट जगदीश शुक्ला, एड्वोकेट दीपक उपाध्याय, एड्वोकेट दयाशंकर पाठक, प्रिया लाड़, अर्चना सिंह को चुना गया है। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष सचिव ने सभी अधिवक्ताओं को दिल से आभार मानते हुए कहा है कि, 'भविष्य में अधिवक्ता बंधुओं के लिए हित का कार्य करते रहने का हर संभव प्रयास करेंगे।' निर्वाचित कार्यकारिणी को अंजनी द्विवेदी, सुरेश तिवारी, एड्वोकेट संतोष मिश्रा, एड्वोकेट जी.सी. तिवारी एड्वोकेट विद्या भूषण पांडे, वरिष्ठ अधिवक्ता कौशल शर्मा, ज्ञानेश मिश्रा, राजेश शर्मा, प्रभाकर उपाध्याय, रवि उपाध्याय, गुलाब उपाध्याय, रामफेर यादव, श्यामजीत यादव, पी.के. मिश्रा, डी.के. सिंह, गीता सिंह, शुधाकर सावंत, श्री मंगेश रागनेकर, मनोज मिश्रा सहित अन्य तमाम अधिवक्ताओं ने अपनी शुभकामनाएं दी हैं।


# यूथ कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता दंग

## ७ अप्रैल को हुए युवा सम्मलेन कार्यक्रम में संजय निरूपम से युवा (यूथ) कार्यकर्ता नाराज़

**संवादाता, मज़हर खान**

**मुंबई :** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ०७ अप्रैल २०१९ शाम ८ बजे से युवा सम्मलेन कार्यक्रम चित्रकूट मैदान, ४ बँगला, अँधेरी पश्चिम में रखा गया था। कार्यक्रम में आये सभी युवा कार्यकर्ता दंग रह गए जब इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष युथ कांग्रेस के केशवचन यादव और हाल ही में बने मुंबई अध्यक्ष मिलिंद देओरा की फोटो बैनर से नदारद थी। जिस के चलते यूथ कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता बहुत नाराज़ दिखे। यूथ कार्यकर्ता का कहना था की, मुंबई अध्यक्ष रहे संजय निरुपम ने अपने कार्यकाल में कार्यकर्ताओं का ख्याल नहीं रक्खा जिस के चलते आय दिन सोशल मीडिया पर संजय निरुपम को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ता टिपणी करने लगे हैं और कुछ कार्यकर्ता जो सालो से कांग्रेस के लिए काम कर रहे थे, वो कांग्रेस छोड़ दूसरी पार्टियों से संयुक्त साधा। जब बात कांग्रेस के हाई कमांड तक पोहोंची तो तत्काल संजय निरुपम को कांग्रेस के मुंबई अध्यक्ष पद से निकाल मिलिंद देओरा को मुंबई अध्यक्ष बनाया गया।

अब यूथ कार्यकर्ताओं में भी संजय निरुपम के वजह से दरार आती दिख रही है, वह भी जब जब संजय निरूपम खुद इलेक्शन लढ़ रहे हैं। क्या ऐसे में संजय निरुपम बगैर यूथ कार्यकर्ताओं के इलेक्शन जीत पाएंगे? या उन की नाराज़गी दूर कर उन्हें साथ लेकर चलेंगे ये देखने वाली बात होगी।














# जोगेश्वरी पश्चिम रेलवे में स्वचालित सीढ़ियों की स्थापना का काम रुका

**जोगेश्वरी पश्चिम (पश्चिम रेलवे) में स्वचालित सीढ़ियों (एस्कलेटर) के कामो की शुरुवात अब तक नहीं की गई है।**



**ना हीं कोई काम शुरू करने की तारीक बताई जा रही है, के कब तक जोगेश्वरी पश्चिम में पश्चिम रेलवे विभाग स्वचालित सीढ़ियों का काम शुरू करेगा।**

**शाईस्ता शेख**

**मुंबई :** अभी तक ताज़ा खबरें यह आ रही हैं, की मुंबई महानगर पालिका और पश्चिम रेलवे विभाग के बीच स्वचालित सीढ़ियों का मामला लटका हुआ है। पश्चिम रेलवे विभाग के अधिकारियों से जब पूछा गया की, 'आप का विभाग इस स्वचालित सीढ़ियों का काम कब तक शुरू करेगा?', तो उन के विभाग का कहना है की, 'मुंबई महानगर पालिका के (के पश्चिम विभाग) ने अब तक जगह की अनुमति नहीं दी है।' जब के मुंबई रेल विकास कारपोरेशन ने २१।११।२०१७ व २३।०२।२०१८ को पत्र के माध्यम से मुंबई महानगर पालिका के (के) पश्चिम विभाग के सहायक आयुक्त से जगह की अनुमति मांगी थी। इस के बाद पश्चिम रेलवे विभाग ने जुलाई २०१८ में भी मुंबई महानगर पालिका के (के) पश्चिम विभाग के सहायक आयुक्त से जगह की अनुमति मांगी थी, परंतू अब तक मामला लटका हुआ है।

मुंबई महानगर पालिका के



(के) पश्चिम विभाग के अधिकारियो से जब पूछा गया की, 'आप के विभाग ने पश्चिम रेलवे विभाग के अधिकारियो को स्वचालित सीढ़िया जोगेश्वरी पश्चि में उतारने की अनुमति क्यों नहीं दी?', तो विभाग ने अधिकारी ने सड़क विभाग कार्यालय वरली का हवाला दे कर अपना पल्ला झाड़ दिया।

कुछ दिन पहले जोगेश्वरी पश्चिम रेलवे क्रासिंग गेट पूरी तरह से बंद कर दिया गया। वहा पर जी आर पी एफ़ रेलवे पुलिस जवानो को निगरानी के लिए तैनात किया गया। इस के बाद से स्वचालित सीढ़ियों की ज़रूरत जोगेश्वरी पश्चिम से प्रवासियों को बहुत ज़्यादा महसूस होने लगी।

आर टी आई कार्यकर्ता मंसूर उमर दरवेश का कहना है की पश्चिम रेलवे द्वारा बनाए गए हर रेलवे स्थानकों की तुलना में जोगेश्वरी रेलवे पूल सब से ऊँचा है। लगभग तीन मंज़िला जितना जिस पर की बीमार या मरीज़ इंसान, वरिष्ठ नागरिक और दूसरे प्रवासियों को इस पर चढ़ना उतरना बहुत मुश्किल होता है, जिस के लिए आर टी आई कार्यकर्ता मंसूर उमर दरवेश ने कई शिकायत पत्र पश्चिम रेलवे व मुंबई रेल विकास कारपोरेशन को लिखा था।

पश्चिम रेलवे व मुंबई रेल विकास कारपोरेशन विभाग के अधिकारियों का कहना है की, हमारे विभाग ने खुद जोगेश्वरी पश्चिम में स्वचालित सीढ़िया लगाने का फैसला किया था, जिसके लिए विभाग ने तैयारी भी कर ली थी परंतु मुंबई महानगर पालिका के (के) पश्चिम विभाग की अनुमति नहीं मिलने से यह मामला रुक गया है। मुंबई महानगर पालिका के (के) पश्चिम विभाग की अनुमति इस लिए ज़रूरी है क्यूंकि जहां स्वचालित सीढ़िया उतारी जाएगी वह जगह मुंबई महानगर पालिका के (के) पश्चिम विभाग के अंतर गत आती है। गत दिनों पहले इसी मामले को लेकर आर टी आई कार्यकर्ता मंसूर उमर दरवेश, इमरान सिल्या,अब्दुल्लाह सिल्या, जुल्म के खिलाफ आवाज़ के सम्पादक असग़र शाह, पीस ट्री फाउंडेशन के अध्यक्ष आसिफ़ खान के साथ मुंबई महानगर पालिका के (के) पश्चिम विभाग पहुंचे और सह आयुक्त विभाग ४ के अधिकारी किरन आचरेकरजी से मिले और उन्हें मामले की जानकारी देते हुए पूछा की आप का विभाग पश्चिम रेलवे को स्वचालित सीढ़िया जोगेश्वरी पश्चिम में उतारने की अनुमति क्यों नहीं दे रहा है? आम जनता को जोगेश्वरी पश्चिम में स्वचालित सीढ़ियों की बहोत ज़रुरत है, पश्चिम रेलवे ने स्वचालित सीढ़िया भी खरीद लिया है परंतु यह मामला आप के विभाग की अनुमति के लिए क्यों लटका हुआ है?

(शेष पृष्ठ ३ पर)




## संपादकीय

# संकल्प और प्रतिबद्धता


**केंद्र** में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र न केवल नए संकल्पों की नई ताजगी का एहसास कराता है, बल्कि एक सशक्त व उद्यमशील भारत के सपने भी दिखाता है। यह चुनावी घोषणापत्र सरकार के विगत पांच वर्ष की कथित या चर्चित स्याह छाया से बिल्कुल अलहदा खुशनुमा भारत की छवियां पेश करता है। ५० पृष्ठों के घोषणापत्र में विगत पांच वर्ष के ५० कार्यों की रोशनी पड़ ही रही है और आगामी पांच वर्ष के लिए छोटे-बडे लगभग ७५ संकल्प पार्टी ने पेश कर दिए हैं। भाजपा के लगभग १२ ऐसे संकल्प हैं, जो उसे २०२२ तक पूरे करने हैं। वर्ष २०२२ का महत्व इसलिए है, क्योंकि उस वर्ष भारत को आजादी मिले ७५ वर्ष हो जाएंगे। वर्ष २०२२ तक स्वच्छ गंगा, सबको पक्का मकान, सबके घर बिजली, सबके घर शौचालय, सबके घर पेयजल, किसानों की आय दोगुनी करने, निर्यात दोगुना करने, सभी रेल पटरियां ब्रॉडगेज करने, सभी रेल पटरियों का विद्युतीकरण करने का संकल्प है। छोटे किसान और छोटे दुकानदार, ये दो ऐसे बडे वर्ग थे, जो भाजपा के कुछ कदमों से नाराज या उपेक्षित चल रहे थे। ऐसे में, गौर करने की बात है कि भाजपा ने छोटे किसानों और छोटे दुकानदारों को ६० की उम्र के बाद पेंशन देने का वादा किया है। कांग्रेस के घोषणापत्र की तरह ही भाजपा का संकल्प पत्र भी प्रशंसनीय है और उस पर यदि वाकई अमल किया जाए, तो भारत समय से पहले विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। आशा के अनुरूप ही भाजपा ने संकल्प पत्र में राष्ट्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। रक्षा, सुरक्षा, आतंकवाद के विरुद्ध सरकार की नीतियां यथावत रहेंगी। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में जहां रोजगार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी थी, वहीं भाजपा ने उद्यमशीलता पर जोर दिया है। पार्टी ने बताया है कि विगत पांच वर्ष में १७ करोड़ युवाओं को उद्यम शुरू करने के लिए ऋण दिए गए, वहीं आगामी पांच वर्ष में ३० करोड़ को नए उद्यम या स्टार्टअप के लिए ऋण देने का संकल्प है। भाजपा के संकल्प पत्र से नौकरी खोज रहे युवाओं को थोड़ी निराशा हुई होगी। यह उद्यम-मुखी सरकार है और वह आगामी वर्षों में ऐसी ही रहेगी। भाजपा का यह घोषणापत्र भारतीय युवाओं के लिए उद्यमशीलता की दिशा में सोचने का प्रेरक प्रस्थान बिंदु हो सकता है। देश की प्रमुख दो पार्टियों का नीतिगत अंतर यहां देखने लायक है, कांग्रेस जहां सार्वजनिक क्षेत्र पर भरोसा बढ़ाना चाहती है, वहीं भाजपा निजी क्षेत्र पर फोकस करते हुए चल रही है।


भाजपा ने दिल्ली में जहां संकल्प पत्र जारी किया है, तो वहीं पटना में राष्ट्रीय जनता दल ने प्रतिबद्धता पत्र जारी किया है। लालू प्रसाद यादव की पार्टी के घोषणापत्र में सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाला संकल्प है मंडल कमीशन को पूरी तरह लागू करना और जातियों को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देना। सवर्णों को भी आर्थिक आधार पर आरक्षण मिलेगा। कुल मिलाकर, जो भी राजनीतिक घोषणापत्र अब तक सामने आए हैं, उनमें रोजगार या आय के साधनों की ज्यादा चर्चा है। यह अच्छा संकेत है कि युवाओं को बेहतर जीवन चाहिए और राजनीतिक पार्टियां इस जरूरत को समझ रही हैं। अब जरूरी है कि वे चुनाव में हारें या जीतें, लेकिन अपनी घोषणा, अपने संकल्प और प्रतिबद्धता को महज कागजों पर न रहने दें, जमीन पर साकार करें।

## बॉलीवुड समाचार



# सोफिया हयात ने साझा की न्यूड फोटो, ट्रोल्स ने किए घटिया कमेंट





**टीवी** स्टार और मॉडल सोफिया हयात अपनी लाइफस्टाइल और तस्वीरों के चलते अक्सर सुर्ख़ियों में रहती हैं. सोफिया ने इंस्टाग्राम पर कुछ बोल्ड तस्वीरें साझा की हैं. इन तस्वीरों की वजह से उन्हें ट्रोल्स का सामना करना पड़ रहा है. कई ट्रोल्स ने तो भद्दे कमेंट भी किए. एक यूजर का कमेंट पढ़कर सोफिया भी चौंक गईं. दरअसल, यूजर ने सोफिया की फोटो पर लिखा, 'आप भारत में बढ़ते रेप कल्चर का वास्तविक कारण हैं. अगर भारत में आप जैसी महिलाओं पर एक्शन लिया जाए जो न्यूडिटी को बढ़ावा देती हैं तो रेप कल्चर खत्म हो जाएगा.' सोफिया के मुताबिक़ वे इस कमेंट की वजह से सदमे में आ गईं. फोटो में ट्रोल्स के कमेंट का स्क्रीन शॉट साझा करते हुए सोफिया ने लिखा, 'मैं अपनी पोस्ट्स पर आने वाले सभी कमेंट नहीं पढ़ती हूं, लेकिन ये एक मीडिया हाउस ने प्रिंट किया. इस इंसान ने मेरी तस्वीर पर जो लिखा उसे पढ़कर मैं चौंक गई हूं कि लोग आज भी ऐसी सोच रखते हैं.''क्या ये रियल है? इस तरह के लोग वाकई दुनिया में रहते हैं? मुझे उम्मीद है कि सभी भारतीय ऐसा नहीं सोचते हैं. आप लोगों का इस कमेंट के बारे में क्या सोचना है?'

बता दें कि पिछले साल सोफिया अपनी शादी टूटने की वजह से सुर्खियों में रही थीं. सोफिया शादी के एक साल बाद पति से अलग हो चुकी हैं. उन्होंने पति को फ्रॉड बताकर घर से निकाला था. सोफ?या का कहना था कि उसने पैसों के लिए हमारी सगाई की अंगूठी भी बेच दी.

सोफिया की मानें तो रिश्ते के बुरे दौर की वजह से उन्हें अपना बच्चा भी खोना पड़ा था. सोफिया हयात फेमस रियलिटी शो बिग बॉस की

# 'सिलसिला बदलते रिश्तों का' फेम दृष्टि धामी का ग्लैमरस मेकओवर,



***सीरियल*** *'सिलसिला बदलते रिश्तों का' छोड़ने के बाद टीवी एक्ट्रेस दृष्टि धामी ने मेकओवर लिया है. दृष्टि ने अपने हेयरस्टाइल और लुक में बदलाव किया है. उनका यही मेकओवर और ट्रांसफॉर्मेशन चर्चा में बना हुआ है. इन दिनों दृष्टि ने डेली शोप से ब्रेक ले रखा है. आजकल दृष्टि अपने फ्रेंड्स और फैमिली संग क्वॉलिटी टाइम एंजॉय कर रही हैं. इस दौरान एक्ट्रेस का ग्लैमरस लुक देखने को मिल रहा है. सोशल मीडिया पर दृष्टि अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. फैंस को एक्ट्रेस का मेकओवर काफी इंप्रेस कर रहा है. फोटो में दृष्टि धामी हॉल्टर नेक टॉप और डेनिम हॉट पैंट्स में नजर आ रही हैं. उनका न्यू हेयरकट एक्ट्रेस के लुक को कॉम्पलिमेंट कर रहा है. दृष्टि धामी ने अपना करियर म्यूजिक वीडियो से शुरू किया था. जिसका नाम 'सैय्या दिल में आना रे' था. इसके बाद दृष्टि ने टीवी पर एक्टिंग की शुरुआत की. दृष्टि ने कम ही समय में काफी पॉपुलैटिरी हासिल की है. आज वे टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेसेसेज की लिस्ट में शुमार हैं.*

# मोहाली में चला पंजाब का सिक्का, नंबर ३ पर पहुंचे 'किंग्स'



**सनराइजर्स** हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को मिली जीत के बाद किंग्स इलेवन पंजाब ने आईपीएल-१२ के प्वाइंट टेबल में छलांग लगाई है. इस जीत के बाद पंजाब की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बाद तीसरे नंबर पर पहुंच गई है. वहीं, मैच में मिली हार के बाद सनराइजर्स हैदराबाद तीसरे पायदान से खिसककर चौथे स्थान पर पहुंच गई है. मोहाली में सोमवार को मिली यह जीत पंजाब की इस सीजन की चौथी जीत है. इसी के साथ किंग्स इलेवन पंजाब ने अब तक खेले गए ६ मैचों में चौथी जीत हासिल कर प्वाइंट टेबल पर ८ अंक जुटा लिए हैं. वहीं, हैदराबाद की टीम लगातार दूसरी हार के बाद ६ मैचों में ३ जीत से ६ अंक ही जुटा पाई है. यह हैदराबाद की लगातार दूसरी और कुल तीसरी हार है. पंजाब की टीम आईपीएल-१२ के प्वाइंट टेबल में तीसरे स्थान पर आ गई है. कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) और चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के भी ८-८ अंक हैं लेकिन नेट रन रेट (NRR) के मामले में यह दोनों टीमें किंग्स इलेवन पंजाब से बेहतर हैं. केकेआर का रन रेट सबसे ज्यादा (+1.058) है. दूसरे नंबर पर काबिज चेन्नई का रन रेट +0.159 है. वहीं, -०.०६१ के नेट रन रेट के साथ पंजाब की टीम तीसरे स्थान पर है. बता दें कि मोहाली में मिली हार से पहले सनराइजर्स हैदराबाद का रन रेट +1.0 था जो घटकर +0.810 रह गया है. भारत की विश्व कप टीम में चयन की दावेदारी पेश कर रहे लोकेश राहुल और मयंक अग्रवाल के अर्धशतक और दोनों के बीच ११४ रनों साझेदारी से किंग्स इलेवन पंजाब ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को ६ विकेट से हरा दिया.

राहुल ने ५३ गेंदों में ७ चौकों और १ छक्के की मदद से नाबाद ७१ रन की पारी खेली. वहीं, मयंक अग्रवाल ने ५५ रनों की शानदार पारी खेली. दोनों की साझेदारी की मदद से १५१ रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए किंग्स इलेवन पंजाब ने १ गेंद शेष रहते ४ विकेट पर १५१ रन बनाकर जीत दर्ज की. अग्रवाल ने ४३ गेंदों की अपनी पारी में ३ छक्के और ३ चौके लगाए. हैदराबाद की ओर से राशिद खान (२० रन पर १ विकेट), कप्तान भुवनेश्वर कुमार (बिना विकेट के २५ रन) और संदीप शर्मा (२१ रन पर २ विकेट) ने किफायती गेंदबाजी की, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके. हैदराबाद की टीम ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर (नाबाद ७०) के जुझारू अर्धशतक की बदौलत धीमी शुरुआत से उबरते हुए चार विकेट पर १५० रन बनाए. हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने ६२ गेंद की अपनी पारी में ६ चौके और १ छक्का लगाया. उन्होंने विजय शंकर (२६) के साथ दूसरे विकेट के लिए ४९ और मनीष पांडे (१९) के साथ चौथे विकेट के लिए ५५ रनों की साझेदारी की जिससे टीम अंतिम १० ओवरों में १०० रन जुटाने में सफल रही.

# क्रिस लिन का जोरदार छक्का भी नहीं तोड़ पाया कार का शीशा



**टाटा** हैरियर कार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के १२वें संस्करण में लगातार चर्चा में है. यह लीग की आधिकारिक साझेदार है. कमेंटेटर्स ने समय-समय पर इस एसयूवी कार के बारे में बताया है. रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए मैच में कोलकाता के क्रिस लिन ने दर्शकों को इस कार की मजबूती को दिखाने का 'लाइव डेमो' दिया.

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर लिन बेहतरीन लय में बल्लेबाजी कर रहे थे. इसी बीच उन्होंने ११वें ओवर में राजस्थान के लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल पर एक स्वीप शॉट लगाया, जो स्टैंड के पास रखी गई कार की विंडशील्ड पर जा लगा. हैरानी वाली बात यह थी कि कार के कांच पर खरोंच तक नहीं आई. कंपनी इससे बेहतर विज्ञापन के बारे में सोच भी नहीं सकती. राजस्थान की टीम इस मैच में अच्छी शुरुआत नहीं कर पाई थी, जबकि लिन (५० रन, ३२ गेंदों में ) और सुनील नरेन (४७ रन, २५ गेंदों में) की सलामी जोड़ी ने कोलकाता को बेहतरीन शुरुआत दी. लिन ने इस मैच में ३१ गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया था. कोलकाता ने १४० रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए यह मुकाबला ८ विकेट से जीता था. मैच के बाद लिन ने कहा, 'मेरी किस्मत ने एक बार फिर मेरा साथ दिया, लेकिन हम जानते थे कि हमें पावर प्ले में तेजी से रन बनाने होंगे. पावरप्ले अच्छा रहा और इसके बाद हमारी टीम नियंत्रण में थी.'

उन्होंने कहा, 'नरेन की बल्लेबाजी अविश्वसनीय थी. वह हमारे लिए यह बीते कुछ साल से करते आ रहे हैं. हम ज्यादा बात नहीं करते हैं. बस स्थिति को सहज रखते हैं. मैं आम तौर पर धीमी शुरुआत के लिए जाना जाता हूं. यह लंबा टूर्नामेंट है. हम महत्वपूर्ण जीतों के साथ आगे बढ़ रहे हैं.'

# शादी की बात पर आलिया भट्ट को मां सोनी राजदान ने किया वॉर्न



**ऐक्ट्रेस** आलिया भट्ट की मां व दिग्गज अभिनेत्री सोनी राजदान का कहना है कि उन्हें अपनी बेटी की निजी जिंदगी के बारे में सार्वजनिक रूप से बात करना पसंद नहीं है। यह पूछे जाने पर कि वह अभिनेता रणबीर कपूर के साथ आलिया के रिश्ते के बारे में मीडिया के सवालों का सामना कैसे करती हैं तो सोनी ने कहा कि वह इस बारे में बात नहीं करना चाहतीं। उन्होंने कहा, 'देखिए, सभी चीजों के बारे में उनके सभी प्रशंसकों द्वारा पूछना ठीक है, लेकिन मैं आलिया की मां हूं। मैं वास्तव में अपनी बेटी के निजी जीवन के बारे में बात नहीं करना चाहती। मैं चाहती हूं कि वह खुश रहे और वह जो कुछ भी करे, उसके लिए मेरा प्यार और आशीर्वाद है, इसके अलावा मैं चाहती हूं कि वह अपने जीवन को उसी तरह से जिए जैसा वह चाहती है।' अपनी अपकमिंग फिल्म 'नो फादर्स इन कश्मीर' के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि आलिया व्यक्तिगत रूप से बहुत समझदार हैं। वहीं शादी के टॉपिक पर सोनी ने अपने बेटी आलिया को सावधान रहने को भी कहा है। उन्होंने कहा, 'आलिया बहुत युवा है। उसने बहुत कम उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। जो भी उसने अब तक हासिल किया है उससे मैं बहुत खुश हूं और मां के रूप में मैं उसे खुश देखना चाहती हूं।' सोनी ने कहा, 'ऐसे समय में मैं उसे सावधान रहने को भी कहती हूं। वह जिंदगी भर का फैसला लेने के लिए अभी काफी युवा है। व्यक्तिगत रूप से मेरा मानना है कि जब आपको शादी करने के लिए सही व्यक्ति मिल जाता है तो बिना देरी किए आपको शादी कर लेनी चाहिए लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप जल्दबाजी में शादी कर लें। इस फैसले के लिए आपको काफी सोचना चाहिए।'

# राजामौली की में दो स्वतंत्रता सेनानियों की कहानी, अगले साल होगी रिलीज




**निर्माता** एस.एस. राजामौली दमदार किरदारों के साथ भव्य फिल्मों के निर्माण के लिए जाने जाते हैं। भारत में सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म 'बाहुबली: द कन्क्लूजन' के बाद वह अब दो महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों, अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम की कहानी को पर्दे पर लाने के लिए तैयार हैं। फिल्मकार राजामौली का मानना है कि स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में भारतीय फिल्मों ने आज तक उनके जीवन का संघर्ष दिखाया है, जबकि वे दासता के खिलाफ लड़े। राजामौली एक नई दिशा के साथ अपनी इस फिल्म में विद्रोह और संघर्ष के दौर के खिलाफ जाकर नायकों को एक अलग तरीके से पेश करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं पूरे कैनवास को एक नए ब्रश के साथ पूरी तरह से चित्रित करना चाहता हूं, ताकि मैं जो ब्रह्मांड बनाऊं, उसमें वीरता, ऊर्जा और धैर्य हो।' वर्ष १९२० के दशक में वास्तविक जीवन के स्वतंत्रता सेनानियों, अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम के जीवन को पर्दे पर लाने के लिए राजामौली फिल्म के शूटिंग की शुरुआत कर चुके हैं। उन्होंने किरदारों और उनकी सेटिंग तैयार करने के लिए एक रिसर्च किया है। जूनियर एनटीआर और राम चरण की प्रमुख भूमिकाओं के साथ 'आरआरआर' में राम चरण और आलिया की नई केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। अजय देवगन भी इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जबकि युवा ब्रिटिश अभिनेत्री डेजी एडगर जोंस इस फिल्म के साथ भारतीय फिल्म में अपना डेब्यू कर रही हैं और वह फिल्म में जूनियर एनटीआर के ऑपोजिट नजर आएंगी। लगभग ४०० करोड़ रुपये की लागत से बन रही, 'आरआरआर' में भी बाहुबली की तरह भव्य सेटअप देखने मिलेगा। इस फिल्म को ३० जुलाई २०२० को एक साथ १० भारतीय भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

# संक्षिप्त न्यूज

## भारत विकास परिषद की कार्यकारिणी गठित

**भाईंदर :** २०१९-२१ के लिए भारत विकास परिषद की भाईंदर (पूर्व) शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन और सपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्ष शकेन्द्र छाजेड़, सचिव निर्मला कौशिक, कोषाध्यक्ष पी.सी. सारडा को प्रांत के भूतपूर्व अध्यक्ष एस.एस. गुप्ता ने शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर कवि युगराज जैन के अलावा, नि:वर्तमान अध्यक्ष संजय पोदार, सचिव ओमप्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील जगलानी, विकास केड़िया आदि उपस्थित थे।

## विरार में ५ किलोमीटर मैराथन हुआ संपन्न

**विरार :** अर्नला समुद्र किनारे आयरन फिट क्रीड़ा संस्था की ओर से ५ किमी मैराथन का आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में लगभग साढ़े तीन सौ लोगों ने हिस्सा लिया, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग शामिल थे। मैराथन में खास यह था कि पालघर पुलिस के कई बड़े अधिकारियों सहित कर्मचारियों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इनमें पालघर के अपर पुलिस अधीक्षक विजयकांत सागर, डीवाईएसपी डॉ. अश्विनी पाटील, डीवाईएसपी रेणुका बागडे, पुलिस निरीक्षक अप्पा साहेब लेंगरे, 'आयरन मैन' शंकर उथले, मुकेश पवार सहित कई पुलिसकर्मी शामिल हैं।

## UTS ऐप टिकट पर छूट जारी

**मुंबई :** चुनाव के दौरान सरकार की किसी भी लाभकारी योजना का बंद करना नुकसानदायक हो सकता है। इसीलिए मोबाइल टिकटिंग स्कीम पर मिलने वाली छूट को बरकरार रखा गया है। यूटीएस ऐप के लिए आर वॉलेट रिचार्ज करने पर ५ प्रतिशत बोनस मिलता है। इस सुविधा को अब २४ अगस्त २०१९ तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। वैसे, मोबाइल ऐप से टिकट बुक करना बहुत ही आसान और सुविधाजनक है।

## सम्राट अशोक जन्मोत्सव

**नवी मुंबई :** ऐरोली स्थित संत सावता मंडल माली में कुशवाहा मौर्य माली सैनी प्रगतिशील फाउंडेशन ने चक्रवर्ती सम्राट अशोक जन्मोत्सव आयोजित किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अति विशिष्ट अतिथि सिंहगढ़ टेक्निकल एजुकेशन सोसायटी, पुणे के फाउंडर प्रो. एम.एन. नवले, विशिष्ट अतिथि डॉ. एल.एम. सिंह और डी.के. माली ने समाज से संगठित होकर काम करने की अपील की। संगठन सचिव सच्चिदानंद सिन्हा ने सम्राट अशोक के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. ललित कुमार, प्रभाकर रंजन, अतुल कुमार, सुनील दत्त, लालमोहन सिंह, गोबिंदसिंह कुशवाहा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## स्विमिंग पूल में डूबने से बच्चे की हुई मौत

**वसई :** मानिकपुर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के कृष्णा टाउनशिप स्थित वसई-विरार मनपा के स्विमिंग पूल में रविवार की देर शाम ८ वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। मृतक के परिजन की शिकायत के बाद पुलिस ने ट्रेनर सहित चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि स्विमिंग पूल के व्यवस्थापक व ट्रेनर की लापरवाही से बच्चे की जान गई है। वंसतनगरी स्थित रीगल हाइट्स निवासी संजय अर्जन लाडवा (४०) पत्नी के साथ बेटे युग को स्विमिंग पूल में छोड़कर आए थे। युग कई दिनों से स्विमिंग सीख रहा था। जब माता-पिता उसे लेने पहुंचे, तब वह वहां नहीं मिला। ट्रेनर ने बताया कि वह बाहर गया है। काफी तलाश के बाद जब वह नहीं मिला, तो माता-पिता ने अंदर आकर देखा। वहां कुछ लोग एक बच्चे को पंपिंग कर रहे थे। वह युग था, जिसकी पहले ही मौत हो चुकी थी।

## नालासोपारा से ३ साल की बच्ची का अपहरण

**नालासोपारा :** स्टेशन के बाहर टिकट खिड़की के पास से ३ साल की बच्ची का अपहरण हो गया है। अपहृत बच्ची की मां की शिकायत पर तुलिंज पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। संतोष भुवन स्थित आजाद नगर निवासी नजमा बेचन अंसारी (३५) ने बताया कि वह लोकल ट्रेन में कटलरी समान बेचती है। रविवार सुबह वह बेटी सुबिना को लेकर नालासोपारा स्टेशन के पास आई। बच्ची को टिकट खिड़की के पास खड़ा कर वह पानी लेने चली गई। वापस लौटी, तो बच्ची गायब थी।

## टॉवर घड़ी बताएगी सही समय, मनपा करेगी रु. १७ लाख खर्च

**नई मुंबई :** नई मुंबई शहर के मध्य भाग एपीएमसी मार्केट परिसर के अन्नपूर्णा, रामदास पाटील चौक में 'घड़ी टॉवर' बनने जा रहा है। यह शहर का सौंदर्य बढ़ाएगा। सायन-पनवेल महामार्ग, पामबीच रोड, वाशी, अरेंजा कॉर्नर को जोड़नेवाली सड़क पर साथ ही बड़ी संख्या में नागरिकों की चहल-पहल को ध्यान में रखते हुए यह टॉवर बनाया जा रहा है। मनपा ने १७ लाख से बीस लाख रुपए अनुमानित खर्च कर घड़ी टॉवर बनाने का संकल्प लिया है। आकर्षणयुक्त ४६ फुट ऊंचे टॉवर में चौतरफा घड़ी लगाई जाने की बात बताई जा रही है। बता दें कि अंग्रेज जब हिंदुस्थान में आए थे उस समय अनेक प्रमुख शहरों में घड़ी टॉवर का निर्माण किया था। मुंबई शहर तथा कल्याण में भी घड़ी टॉवर को देखा जा सकता है। नई मुंबई मनपा कार्यकारी अभियंता मनोज पाटील ने बताया कि शहर में एक भी घड़ी टॉवर नहीं होने की बात को लेकर शहर के मध्यवर्ती जगह पर उक्त टॉवर का निर्माण किया जा रहा है। मई माह के आखिरी तक टॉवर का काम पूर्ण हो जाएगा।

# ठाणे में दम-खम के साथ प्रत्याशियों ने भरे नामांकन



**ठाणे :** ठाणे लोकसभा सीट से राकांपा-कांग्रेस आघाडी के उम्मीदवार आंनद परांजपे तथा शिवसेना-भाजपा युति के उम्मीदवार राजन विचारे सहित कुल ७ उम्मीदवारों ने सोमवार को चुनाव निर्णय अधिकारी अनिल पवार के समक्ष अपना नामांकन भरा। इसके पहले, दोनों प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशियों ने रैली निकाल शक्ति प्रदर्शन किया और दोनों ने पहले से तय समय पर पर्चा नहीं भरा। नामांकन के चलते शहर में काफी समय तक कई सड़कों पर यातायात जाम बना रहा।

पांच पाखाडी स्थित तुलजा भवानी मंदिर में दर्शन के बाद सुबह ११ बजे आंनद परांजपे का काफिला निकला और शहर के विभिन्न रास्तों से शक्ति प्रदर्शन करते हुए गाजे-बाजे के साथ ठाणे जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचा था। रथ पर सवार परांजपे के साथ राकांपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री गणेश नाईक, विधायक जितेंद्र आव्हाड, राकांपा प्रदेश सचिव सुहास देसाई, नगरसेवक नजीब मुल्ला, कांग्रेस के पूर्व विधायक मुजफ्फर हुसेन, विधायक संदीप नाईक, पूर्व सांसद संजीव नाईक, नवी मुंबई के महापौर जयवंत सुतार, राकांपा गुट नेता हणमंत जगदाले, ठाणे शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज शिंदे, कांग्रेस इंटक के ठाणे जिलाध्यक्ष सचिन शिंदे, रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया (एकतावादी) युवा अध्यक्ष भैयासाहेब ईंदिसे सहित अन्य सहयोगी पार्टियों के तमाम नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। राकांपा का दावा है कि रैली में करीब दस हजार लोग शामिल हुए थे।

### यहां दिखी कम भीड़

शिवसेना-भाजपा युति के उम्मीदवार राजन विचारे ने भी शक्ति प्रदर्शन करते हुए रैली के माध्यम से अपना नामांकन भरा। राकांपा-कांग्रेस आघाडी की रैली की तुलना में शिवसेना की रैली में कार्यकर्ताओं का उत्साह थोड़ा कम दिखा और शिवसेना की रैली में राकांपा की तुलना में भीड़ भी कम दिखी। नौपाडा स्थित शिवसेना मध्यवर्ती शाखा से विचारे की रैली की शुरुआत हुई और नौपाडा, राम मारुति रोड, ठाणे बाजार पेठ होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। विचारे के साथ जिले के पालकमंत्री एकनाथ शिंदे, भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता, संजय केलकर, सभागृह नेता व जिला प्रमुख नरेश म्हस्के, आरपीआई(ए) के ठाणे अध्यक्ष राम भाऊ तायडे सहित बड़ी संख्या में सेना-भाजपा के पदाधिकारी-कार्यकर्ता मौजूद थे।

### इन्होंने भी भरा नामांकन

शिवसेना और राकांपा के अलावा, बहुजन रिपब्लिकन सोशालिस्ट पार्टी के प्रभाकर जाधव, सर्वोदय भारत पार्टी के ब्रह्मदेव पांडे, भारत जन आधार पार्टी के अजय गुप्ता, हिंदुस्तान निर्माण दल के ओंकारनाथ तिवारी और डॉ. अक्षय झोडगे ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरा।

# महायुति के उम्मीदवारों ने भरा नामांकन

**मुंबई :** शिवसेना-भाजपा-आरपीआई महायुति के दक्षिण मध्य मुंबई के उम्मीदवार राहुल शेवाले ने कल शिवसेना नेता व युवासेनाप्रमुख आदित्य ठाकरे, उद्योग मंत्री सुभाष देसाई और सांसद अनिल देसाई की प्रमुख उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया। इसी प्रकार दक्षिण मुंबई से महायुति के उम्मीदवार अरविंद सावंत ने भी उक्त शिवसेना नेताओं के अलावा भाजपा के राज पुरोहित और विधायक मंगलप्रभात लोढ़ा की उपस्थिति में कल नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर शिवसेना-भाजपा-आरपीआई के पदाधिकारियों के अलावा भारी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित थे।

ठाणे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए शिवसेना-भाजपा-आरपीआई महायुति के उम्मीदवार राजन विचारे ने कल जिला अधिकारी कार्यालय में चुनाव अधिकारियों के सामने अपना नामांकन पत्र भरा। इस अवसर पर उनके साथ शिवसेना उपनेता अनंत तरे, नगरसेविका नंदिनी विचारे, लतिशा विचारे, धनश्री विचारे आदि उपस्थित थे। नामांकन भरने के पहले तलाव पाली से जिला अधिकारी कार्यालय तक भव्य रैली निकाली गई। रैली में शिवसेना नेता व पालकमंत्री एकनाथ शिंदे सहित विधायक प्रताप सरनाईक, विधायक संजय केलकर, विधायक नरेंद्र मेहता सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे। भिवंडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के महायुति उम्मीदवार कपील पाटील ने कल नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर ठाणे जिले के पालक मंत्री एकनाथ शिंदे उपस्थित थे।

# मुंबई मनपा की प्रभाग समिति के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में शिवसेना-भाजपा युति का परचम




**मुंबई :** मुंबई मनपा की कल आठ प्रभाग समिति के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में शिवसेना-भाजपा युति का परचम लहराया। आठ प्रभाग में शिवसेना-भाजपा युति के नगरसेवक प्रभाग समिति के अध्यक्ष पद पर चुने गए।

बता दें कि कल मनपा के ए, बी और ई प्रभाग समिति, सी व डी प्रभाग समिति, एफ दक्षिण-उत्तर प्रभाग समिति, जी-उत्तर प्रभाग समिति, पी-दक्षिण प्रभाग समिति, पी-उत्तर प्रभाग समिति, आर-दक्षिण प्रभाग समिति और आर/उत्तर-मध्य प्रभाग समिति के अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ। इन आठ प्रभाग समिति के अध्यक्ष पद पर शिवसेना-भाजपा युति नगरसेवक निर्विरोध चुने गए। ए, बी और ई प्रभाग समिति के अध्यक्ष पद पर भाजपा नगरसेवक मकरंद नार्वेकर ने कांग्रेस की सोनम जामसुतकर को तीन वोटों से पराजित किया। सी-डी प्रभाग समिति के अध्यक्ष पद पर भाजपा नगरसेवक आकाश राज पुरोहित निर्विरोध चुने गए। एफ-दक्षिण/उत्तर प्रभाग समिति अध्यक्ष पद पर शिवसेना के दत्ता पोंगडे निर्विरोध चुने गए। इसी तरह जी-उत्तर प्रभाग समिति अध्यक्ष पद पर शिवसेना के वसंत नकाशे, पी-दक्षिण प्रभाग समिति अध्यक्ष पद पर भाजपा की श्रीकला रामचंद्रन पिल्लई, पी-उत्तर प्रभाग समिति अध्यक्ष पद पर भाजपा के विनोद उदयनारायण मिश्रा, आर-दक्षिण प्रभाग समिति अध्यक्ष पद पर भाजपा की प्रीतम गौतम पंडागले और आर-उत्तर/मध्य प्रभाग समिति अध्यक्ष पद पर शिवसेना की संध्या विपुल दोशी निर्विरोध चुनी गईं।

## अफगानिस्तान में दो दिनों में १२ सुरक्षाकर्मी शहीद

**अफगानिस्तान** के पश्चमी बदगिस प्रांत में पिछले दो दिनों में तालिबान लड़ाकों के हमले में १२ सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पिछले हफ्ते बाला मुरगाब में तालिबान लड़ाकों ने सरकारी संपत्तियों पर हमला किया और कई चौकियां जब्त कर लीं। बड़े दुख के साथ हम घोषणा करते हैं कि इन अभियानों के दौरान अफगान नेशनल आर्मी के आठ और चार पुलिस कर्मी बहादुरी से लड़े और शहीद हो गए। बयान में कहा गया कि इस अभियान में अन्य १० सैनिक एवं २४ पुलिसकर्मी घायल हो गए।

# विदेश से अपने देश पैसा भेजने में भारतीय सबसे आगे, World Bank की नई रिपोर्ट में खुलासा



**वॉशिंगटन:** विदेश से अपने देश में पैसे भेजने के मामले में भारतीय एक बार फिर सबसे आगे रहे हैं. २०१८ में प्रवासी भारतीयों ने ७९ अरब डॉलर भारत में भेजे हैं. विश्वबैंक (World Bank) ने जारी अपनी रिपोर्ट में यह बात कही.

विश्वबैंक की ' माइग्रेशन एंड डेवलपमेंट ब्रीफ ' रिपोर्ट (Migration and Development brief) के नवीन संस्करण के मुताबिक, भारत के बाद चीन का नंबर आता है. चीन में उनके नागरिकों द्वारा ६७ अरब डॉलर भेजा गया है. इसके बाद मैक्सिको (३६ अरब डॉलर), फिलिपीन (३४ अरब डॉलर) और मिस्त्र (२९ अरब डॉलर) का स्थान है. रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत एक बार फिर पहले पायदान पर रहने में कामयाब रहा है. पिछले तीन वर्ष में विदेश से भारत को भेजे गए धन में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है. यह २०१६ में ६२.७ अरब डॉलर से बढ़कर २०१७ में ६५.३ अरब डॉलर हो गया था.

विश्वबैंक ने कहा , ' भारत को भेजे गए धन में १४ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है. केरल में आई बाढ़ के चलते प्रवासी भारतीयों के अपने परिवारों को ज्यादा आर्थिक मदद भेजने की उम्मीद है. ' सऊदी अरब से पूंजी प्रवाह में कमी के कारण पाकिस्तान में उनके प्रवासियों द्वारा भेजे जाने वाले धन में गिरावट आई है. वहीं, बांग्लादेश में उनके प्रवासियों द्वारा भेजे गए धन में २०१८ में १५ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है. रिपोर्ट के मुताबिक, विकासशील देशों (कम एवं मध्यम आय वाले देश) को भेजा गया धन २०१८ में ९.६ प्रतिशत बढ़कर ५२९ अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है. यह २०१७ में ४८३ अरब डॉलर पर था. दुनिया भर के देशों में भेजा जाने वाला धन २०१८ में ६८९ अरब डॉलर पर पहुंच गया. २०१७ में यह ६३३ अरब डॉलर पर था. इसमें विकसित देशों में उनके नागरिकों द्वारा भेजा जाने वाला पैसा भी शामिल है. बैंक ने कहा कि दक्षिण एशिया में भेजी गई रकम १२ प्रतिशत बढ़कर १३१ अरब डॉलर हो गई. विश्वबैंक ने कहा कि अमेरिका में आर्थिक परिस्थितियों में मजबूती और तेल की कीमतों में तेजी के चलते धन प्रेषण में वृद्धि हुई है.

# लीज वालों के सामान रेलवे की प्रॉपर्टी माने



**मुंबई :** रेलवे की पुरानी पॉलिसी के चलते ट्रेनों से पार्सल भेजने के धंधे में लगातार नुकसान हो रहा था। लंबी दूरी की ट्रेनों में यदि पार्सल की चोरी होती थी, तो पुरानी पॉलिसी के चलते एफआईआर दर्ज कराने में परेशानी होती थी। ये पार्सल प्राइवेट लीज होल्डर्स को दिए गए एसएलआर डिब्बों से चोरी हो रहे थे। अब रेलवे ने इन डिब्बों को 'रेलवे की प्रॉपर्टी' के अंतर्गत नोटिफाई किया है। इस नए बदलाव के बाद एफआईआर दर्ज कराना आसान होगा। एफआईआर की कॉपी होने पर इन्श्यूरैंस क्लेम भी किया जा सकता है।

मुंबई से दिल्ली के बीच चलने वाली पश्चिम एक्सप्रेस और गोल्डन टेंपल में लगातार चोरियां हो रही थीं। चोर एसएलआर बोगी का पतरा काटकर वारदात को आसानी से अंजाम देते थे। इन चोरियों के चलते लीज होल्डर्स का व्यापार कम हो रहा था। साथ ही आम व्यक्ति जिसने लीज होल्डर के माध्यम से यदि सामान बुक कराया हो, तो उसे भी नुकसान उठाना पड़ता था।

### रात में होता है चोरी का खेल

चोरी को अंजाम देने की बड़ी ही दिलचस्प स्टोरी है। पश्चिम एक्सप्रेस रात में रतलाम और कोटा डिविजन गुजरती है। सूत्रों के अनुसार रामगंज मंडी से लेकर सवाई माधोपुर जंक्शन के बीच अक्सर इस ट्रेन में चोरियां होती हैं। ट्रेन रात ०१:०८ बजे रामगंज मंडी पहुंचती है। इसके एक घंटे बाद २:१० बजे कोटा और ३:४८ बजे सवाई माधोपुर जंक्शन पहुंचती है। बताया जा रहा है कि इनमें से दो स्टेशनों के बीच चोर लीज डिब्बे से सटे गार्ड वैन में आराम से घुसते हैं। इस डिब्बे में कोई भी व्यक्ति नहीं होता है। लीज डिब्बे का पतरा काटकर वारदात को अंजाम दिया जाता है।

### एफआईआर नहीं, तो कार्रवाई नहीं

ट्रेनों में एसएलआर कोच लगा होता है, जिसे प्राइवेट कंपनियों को लीज पर देकर रेलवे पैसे कमाती है। इस बिजनेस से जुड़े गुणवंत प्रजापति ने बताया कि लगातार चोरियां होने के बावजूद कभी कोई एफआईआर नहीं हुई। इसी तरह गोल्डन टेंपल ट्रेन को भी चोरों ने निशाना बनाया। इसके एसएलआर कोच में २३ दिसंबर से ३० दिसंबर के बीच कुल चार बार चोरियां हो चुकी थीं।

## जोगेश्वरी पश्चिम रेलवे में स्वचालित...

(पृष्ठ १ का शेष)

मुंबई महानगर पालिका के (के) पश्चिम विभाग, सहआयुक्त विभाग ४ के अधिकारी, किरन आचरेकर ने बताया की, 'इस मामले में मुंबई महानगर पालिका के वरिष्ठ अधिकारियों की एक मुलाकात हो चुकी है और हमने इस संबंध में सड़क विभाग कार्यालय, वरली विभाग को एक पत्र लिखा है। बहुत जल्द हमारे विभाग का एक दस्ता सड़क विभाग कार्यालय वरली विभाग से एक मीटिंग लेगा क्यूंकि रोड की अनुमति के लिए सड़क विभाग कार्यालय, वरली की अनूमति ज़रूरी है। हमारा विभाग भी इस मामले को जल्द से जल्द निपटाने की कोशिश कर रहा है ताकि आम जनता को इस जटिल समस्या से मुक्ति दिला सके और आम जनता को परेशानी का सामना ना करना पड़े, एक महीने के अंदर ही हम इस मामले को हल कर देंगे, यही हमारी कोशिश है।' ज़ुल्म के खिलाफ आवाज़, राष्ट्रीय हिंदी समाचार पत्र अपने पाठकों से अनुरोध करता है के रेलवे पटरियों का उपयोग ना करें। यह जानलेवा है तथा कानूनी अपराध है। हमे रेलवे और महानगर पालिका प्रशाशन के व्यवस्था का उल्लंघन न करते हुए यह उम्मीद रखना है के हमारी परेशानियों को जल्द ही दूर करेंगे।

# सरेआम बकरे काटने पर लगेगी लगाम

## गणपत पाटील नगर का विडियो हो रहा है

**मुंबई :** गणपत पाटील नगर में खुलेआम काटे और बेचे जा रहे बकरे की मांस से संबंधित विडियो सोमवार को सोशल मीडिया में काफी वायरल हुआ। इस विडियो में दिख रहा है कि एक व्यक्ति खुले आम सड़क किनारे बकरे को काट रहा है। सड़क पर खून बह रहा है और लोग वहां से आ-जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वायरल विडियो जोन-११ के एमएचबी पुलिस के तहत गणपत पाटील नगर के गली नंबर ४ और ५ का है। बताया जा रहा है कि यह मांस निम्न गुणवत्ता का होता है और इसे आसपास के ढाबों और होटलों में सप्लाई किया जाता है। स्थानीय नगरसेविका तेजस्वी घोषालकर द्वारा बीएमसी और पुलिस को बार-बार ऐसे खुले में बकरे को काटे जाने से संबंधित शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसका असर नहीं दिख रहा है। हालांकि, नॉर्थ रीजन के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त और जोन-११ के पुलिस उपायुक्त ने वायरल हो रहे इस विडियो का संज्ञान लेकर दोषी लोगों के खिलाफ बीएमसी की मदद से उचित कार्रवाई करने की बात से कही है। पुलिस के आश्वासन से स्थानीय लोगों ने खुशी व्यक्त की।

# फिर रखड़ी ठाणे-दिवा रेल लाइन योजना

**ठाणे :** मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए स्वतंत्र मार्ग हो इसलिए मध्य रेलवे में कुर्ला से कल्याण तक पांचवीं-छठी रेल लाइन का कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना पर लगभग १० साल से कार्य चल रहा है। मध्य रेलवे के कल्याण से दिवा और ठाणे से कुर्ला पांचवीं-छठी लाइन बनकर तो तैयार है लेकिन ठाणे-दिवा रेल लाइन एक बार फिर से रखड़ गई है।

बता दें कि मुंबई रेल विकास कार्पोरेशन ने पहले पांचवीं-छठी रेल लाइन को पारसिक टनल के भुयारी मार्ग से ले जाने की योजना बनाई थी लेकिन ऐसे में ब्रिटिशकालीन टनल के अस्तित्व को खतरा होने की बात सामने आने के बाद एमआरवीसी ने भुयारी मार्ग का निर्माण बीच में हीं बंद कर दिया। विकल्प के रूप में फिर एमआरवीसी मुंब्रा ब्रिज के पास डेढ़ किमी का एलिवेटड कॉरिडोर बनाने में लगी है। ठाणे-दिवा को जोड़नेवाले इस पुल का काम पूरा करने का टार्गेट जून २०१९ से बढ़ाकर दिसंबर २०१९ रखा गया है परंतु मॉनसून के दौरान तीन महीने काम बंद रहेगा क्योंकि इस दौरान निर्माणकार्य में लगनेवाले माल वाहन ट्रक को खाड़ी क्षेत्र होने के कारण काफी परेशानी होगी। एलिवेटेड कॉरिडोर का काम पूरा होने के बाद अर्थ वर्क, पटरी और पोल सहित ओवरहेड वायर के अलावा अन्य तकनीकी काम करना होगा। इन कामों को पूरा करने में एक से डेढ़ साल और लगेगा, ऐसी जानकारी रेलवे सूत्रों

# ठाणेकरों का फूलेगा दम, ऑक्सीजन होगा कम

## ४,२५६ वृक्षों की मौत से १६,५९,८४० किलो ऑक्सीजन समाप्त होगा

**ठाणे :** सभी ने विद्यालय में विज्ञान की किताब में पढ़ा ही होगा कि वृक्ष साधारण रूप से कार्बन डाई ऑक्साइड लेकर ऑक्सीजन छोड़ता है। ठाणे शहर में ऐसे ही ऑक्सीजन छोड़नेवाले ४,२५६ वृक्षों की मौत का फरमान जारी किया गया है। विशेषज्ञों की मानें तो इन वृक्षों की मौत से अगले तीन वर्षों के लिए १,६५,७९,८४० किलो ऑक्सीजन कम होगा। यदि इसी प्रकार ऑक्सीजन में कमी आती रही तो आनेवाले दिनों में ठाणेकरों का दम फूलने लगेगा।

बता दें कि ठाणे मनपा प्रशासन और एमएमआरडीए के ४ परियोजनाओं में कुल ४,२५६ वृक्षों की मौत होना तय है। इन वृक्षों की मौत के बदले ठाणे मनपा अलग जगहों पर पौधे लगानेवाली है लेकिन पौधों को बड़े होने में कम से काम ३ वर्ष का समय लगेगा तब तक पौधे उचित मात्रा में ऑक्सीजन नहीं बना सकते। 'वन शक्ति संस्था' के स्टॅलिन दयानंद ने बताया कि विज्ञान के आधार पर एक वृक्ष एक वर्ष में कुल १३० किलो ऑक्सीजन बनाता है, जिसका इस्तेमाल कुल ६ लोग एक वर्ष तक कर सकते हैं। यदि इन वृक्षों की मौत होती है तो एक वर्ष के लिए ५५,६२८ किलो ऑक्सीजन की कमी होगी, जिसका इस्तेमाल कुल ३३ हजार १९८ लोग एक वर्ष तक कर सकते थे। 'म्यूज' संस्था के निशांत बंगेरा ने बताया कि कुल ४ परियोजनाओं के कारण इन वृक्षों को मौत के घाट उतारा जा रहा है। इसके बदले मनपा प्रशासन वृक्ष तो लगाएगा लेकिन इन्हें तैयार होने में करीब ३ वर्ष का वक्त लगेगा तब १६,५९,८४० किलो ऑक्सीजन की कमी होगी, जिसका इस्तेमाल २ लाख ७६ हजार ६४० लोग इस्तेमाल कर सकते थे। विज्ञान के आधार पर एक एकड़ जमीन पर स्थित १,००० वृक्ष एक वर्ष में कुल २.६ टन कार्बन डाई ऑक्साइड लेता है। यदि ४,२५६ वृक्षों की मौत होगी तो कुल १०.४ टन कार्बन डाई ऑक्साइड की ठाणे शहर में बढ़ोत्तरी होगी। उस हिसाब से अगले ३ वर्षों में ३१.२ टन कार्बन डाई ऑक्साइड की ठाणे शहर में बढ़ोत्तरी होगी।

# उम्मीदवारों के पास नगदी है कम, प्रॉपर्टी है ज्यादा



**मुंबई :** सोमवार को दक्षिण और दक्षिण मध्य मुंबई की लोकसभा सीट के लिए प्रमुख राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों ने परचा दाखिल किया। इस दौरान उम्मीदवारों ने शपथ पत्र दाखिल किया है, उसके मुताबिक दोनों सीटों के उम्मीदवारों के हाथ में नगद राशि कम है। हालांकि, उम्मीदवारों के पास चल और अचल संपत्ति ठीक-ठाक है। खबर लिखे जाने तक सभी उम्मीदवारों का शपथ पत्र वेबसाइट पर नहीं डाला गया था, इसलिए हर सीट के सभी उम्मीदवारों का आंकड़ा नहीं मिल पाया है। दक्षिण मुंबई से कांग्रेस के उम्मीदवार मिलिंद देवड़ा के पास नगद राशि १ लाख २७ हजार ९५१ रुपये हैं, जबकि उनकी पत्नी के हाथ में ९ लाख ९२ हजार २२ रुपये नगद राशि है। शिवसेना के उम्मीदवार और मौजूदा सांसद अरविंद सावंत के हाथ में १ लाख २५ हजार रुपये नगद राशि है, उनकी पत्नी के पास ४० हजार रुपये है। इसी सीट से उम्मीदवार रामचंद्र कच्छवे के हाथ में ६० हजार, एडवोकेट साहिल शाह के पास १ लाख१५ हजार ५६९ और अब्बास फखरुद्दीन के पास ७२ हजार रुपये नगद है। दक्षिण मध्य मुंबई लोकसभा सीट पर शिवसेना के उम्मीदवार और मौजूदा सांसद राहुल शेवाले के हाथ में ८३ हजार २२२ रुपये और उनकी पत्नी के पास ७६ हजार २२२ रुपये नगद है। उनके सामने कांग्रेस के उम्मीदवार एकनाथ गायकवाड़ के हाथ में ६० हजार और उनकी पत्नी के पास १ लाख ५१ हजार ५४९ रुपये नगद है।

# बिगड़ती जा रही है मुंबई की हवा

## बीएमसी को मिलनेवाली शिकायतों में भी हो रही है




**मुंबई :** दिल्ली के बाद अब एक बार फिर से मुंबई की हवा भी खराब होने लगी है। प्रजा फाउंडेशन की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक २०१८ में २७९ दिनों में एक भी दिन मुंबई की हवा बहुत अच्छी नहीं रही है। यह जानकारी प्रजा फाउंडेशन ने एक संवाददाता सम्मेलन के साथ दी। प्रजा फाउंडेशन ने सुचना का अधिकारी का इस्तेमाल कर यह जानकारी हासिल की है।

प्रजा फाउंडेशन के मिलिंद म्हस्के का कहना है की बोर्ड की वेबसाइट पर २०१८ में ८६ दिनों की वायु गुणवत्ता उपलब्ध नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक २०१८ में २७९ दिनों में एक भी दिन मुंबई की हवा बहुत अच्छी नहीं रही है। २०१७ में ४५ दिन और २०१६ में ६५ दिन मुंबई की हवा को अच्छा पाया गया था। २०१८ में, मुंबई की हवा १३८ दिनों के लिए संतोषजनक थी। इसकी तुलना में, २०१७ में १३४ और २०१६ में १७७ दिन मुंबई में संतोषजनक हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि २०१७ में १४४ दिन और २०१६ में १०७ दिन, मुंबई की हवा मध्यम थी।

**२०१८ में बीएमसी में बढ़ी शिकायतों की संख्या**

इसके साथ ही रिपोर्ट में इस बात का भी खुलासा हुआ है की बीएमसी को मिलनेवाली शिकायतों में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। साल २०१६ में बीएमसी को जहां ८१५५५ शिकायतें मिली थी तो वहीं दूसरी ओर साल २०१७ में बीएमसी को ९२३२९ शिकायतें मिली। जबकी शिकायतों की संख्या साल २०१८ में बढ़ गई थी । साल २०१८ में बीएमसी को कुल मिलाकर ११६६५८ शिकायतें मिली। इन सारी शिकायतों में पानी से जुड़ी शिकायते काफी ज्यादा है।

# महाराष्ट्र में बसपा को बड़ा झटका, प्रभारी अशोक सिंह कांग्रेस में शामिल

**मुंबई :** महाराष्ट्र बहुजन समाज पार्टी को महाराष्ट्र में बड़ा झटका लगा है। महाराष्ट्र के प्रभारी व बसपा के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह बसपा को राम-राम करके कांग्रेस में शामिल हो गए। लोकसभा चुनाव के दौरान अशोक सिंह बसपा छोड़ने से महाराष्ट्र के अलावा उत्तर प्रदेश में भी बसपा को नुकसान उठाने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

पिछले कई साल से बसपा अध्यक्ष मायावती ने अशोक सिंह को लोकसभा चुनाव में जौनपुर शहर में टिकट देने का वादा किया था। मायावती के आश्वासन पर अशोक सिंह पिछले तीन वर्षों से जौनपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। ऐन चुनाव के मौके पर मायावती ने अशोकर्सिंह को टिकट नहीं दिया, जिससे नाराज अशोक सिंह बसपा का दामन छोड़कर कांग्रेस पार्टी में अपने समर्थकों के साथ शामिल हो गए। बताया जाता है कि अशोक सिंह को कांग्रेस पार्टी ने जौनपुर से टिकट देने का आश्वासन दिया है, इसके बाद ही उन्होंने बसपा छोड़ने का निर्णय लिया है। बसपा छोड़ने के बारे में इस संवाददाता ने जब अशोक सिंह से संपर्क किया तो उन्होंने बसपा के बारे में कोई भी टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। कांग्रेस में शामिल होने की उन्होंने पुष्टि की।

# बंद हुआ नींबू पानी, जनता को हो रही परेशानी

**ठाणे :** कुर्ला रेलवे स्टेशन पर नींबू पानी बनाने में गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद रेलवे प्रशासन ने मध्य रेलवे के सभी स्टेशनों पर नींबू पानी, रसना, कोकम का शरबत आदि को बेचने पर पाबंदी लगा दी है। स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर लगाई गई इस पाबंदी के चलते भारी गर्मी का सामना कर रहे यात्री शरबत न मिलने से अब अस्वस्थ्य होने लगे हैं। ५ रुपए की जगह अब उन्हें २० से ४० रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। इसको लेकर यात्रियों तथा स्टेशनों पर स्टॉल चलानेवालों के बीच न केवल वाद-विवाद होने लगा है बल्कि स्टेशन पर तैनात अधिकारी भी यात्रियों के आक्रोश का शिकार होने लगे हैं। इस तरह की रिपोर्ट मध्य रेलवे के कई स्टेशनों से आने लगी है।

**गलती एक की, भुगत रहे सारे**

उल्लेखनीय है कि दो सप्ताह पूर्व कुर्ला रेलवे स्टेशन के आस-पास नींबू पानी का शरबत बनाने का एक वीडियो वायरल हो गया था। वीडियो में जिस तरह से शरबत बनाया जा रहा था वह बेहद परेशान, हैरान एवं विचलित कर देनेवाला था। इसी आधार पर रेलवे प्रशासन ने उस स्टॉल का न केवल लाइसेंस निलंबित कर दिया बल्कि मध्य रेलवे के सभी स्टेशनों के करीब ३०० स्टॉलों पर सभी तरह के शरबत बनाने एवं बेचने पर रोक लगा दी। रेलवे प्रशासन द्वारा जनहित में उठाए गए इस कदम को दो सप्ताह गुजर गया। यह प्रतिबंध हमेशा के लिए लगा दिया गया है या इसका प्रयोग किया जा रहा है, इसका खुलासा अभी तक नहीं किया जा रहा है। नींबू पानी तथा कोकम का शरबत पीकर तरोताजागी महसूस करनेवाले यात्री अब भीषण गर्मी से परेशान होकर आक्रोशित होने लगे हैं।

**क्या कहना है यात्रियों का?**

ठाणे स्टेशन पर पसीने से तर-बतर कुछ यात्री एक स्टॉलवाले से नींबू शरबत या कोकम शरबत बनाने की मांग कर रहे थे। स्टॉलवाले ने पाबंदी का हवाला देकर शरबत बनाने से मना कर दिया। इस पर आक्रोशित एक यात्री ने गाली दी और कहा कि पिछले सप्ताह राजधानी एक्सप्रेस में खाना खाकर २० यात्री बीमार हो गए थे। क्या रेलवे ने सभी गाड़ियों में मिलनेवाले घटिया खाद्य पदार्थों को बंद कर दिया है? कुर्ला में शरबत बनाने का वीडियो अगर वायरल नहीं होता तो क्या रेलवे अधिकारी तब भी सभी तरह के शरबतों पर प्रतिबंध लगाते? गलत तरीके से नींबू शरबत बनाते हुए पकड़ा गया है तो नींबू शरबत के साथ कोकम तथा रसना के शरबत पर पाबंदी क्यों लगाई गई? पांच रुपए में मिलनेवाले इन शरबतों को पीकर हम जैसे गरीब और मध्यमवर्गीय लोग अपनी प्यास और गर्मी को शांत कर लेते हैं। इसके लिए अब हमें २० या ४० रुपए खर्च कर कोल्ड्रिंक लेना पड़ रहा है। रेलवे प्रशासन मध्यमवर्गीय लोगों की जरूरतों पर क्यों ध्यान नहीं दे रहा है?

रेलवे स्टेशनों पर बिकनेवाले शरबत अगर हानिकारक हैं तो वेस्टर्न रेलवे के स्टेशनों पर बिकनेवाले शरबतों को अभी तक क्यों नही बंद किया गया है? रेलवे का फूड सेफ्टी विभाग क्यों सोया रहता है? वह स्टेशनों पर बिकनेवाले खाद्य एवं पेय पदार्थों की जांच लगातार क्यों नहीं करता है? एक यात्री ने तो यहां तक कह दिया कि कोल्ड्रिंक की ज्यादा बिक्री के लिए रेलवे अधिकारी तथा कोल्ड्रिंक बनानेवाली कंपनियों के बीच सांठगांठ हो गई है। दर्जनों की संख्या में आक्रोशित यात्रियों के सवालों का जवाब देने की बजाय स्टालचालक मूकदर्शक बना सब कुछ सुनता रहा। इसके बाद आक्रोशित यात्रियों का एक समूह इन सवालों के साथ स्टेशन मास्टर कार्यालय में चला गया।

# मुंबई टू सिंगापुर सिर्फ 30 मिनट में!

**नई मुंबई :** हर किसी की तमन्ना होती है कि काश वह सिंगापुर की सैर कर पाता। पर जेब इसकी इजाजत नहीं देता। एक छोटे टूर का खर्च भी ५० हजार रुपए तक हो सकता है। फिर सिंगापुर का हवाई सफर भी ५ घंटे का है। पर आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगले दशक तक मुंबई से सिंगापुर की दूरी घटकर महज ३० मिनट की रह जाएगी और विमान की बजाय आप कार से वहां जा सकते हैं। दरअसल, नई मुंबई में एक नया सिंगापुर बसाने की तैयारी चल रही है। इस नए शहर की डिजाइन वही शख्स करेगा जिसने सिंगापुर का डिजाइन बनाया था। नई मुंबई में इस नए सिंगापुर को बसाने की योजना रिलायंस समूह के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने बनाई है।

**नई मुंबई में बनेगा न्यू सिंगापुर**

मुंबई के करीब एक विश्वस्तरीय हाईटेक सिटी बनने जा रही है। सिंगापुर की तर्ज पर बननेवाले इस नए शहर का नाम फिलहाल न्यू सिंगापुर कहा जा रहा है। यह शहर बसाने जा रहे हैं रिलायंस समूह के मुखिया मुकेश अंबानी। इस शहर को बसने में एक दशक लग जाएंगे और इस शहर पर सवा ५ लाख करोड़ रुपए (७५ अरब डॉलर) का निवेश हो सकता है। इस परियोजना को एसपीए (विशेष योजना प्राधिकरण) से मंजूरी मिल चुकी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज न केवल इस मेगा सिटी का विकास करेगी बल्कि इस शहर का प्रशासन भी संभालेगी। इस परियोजना के लिए बनाई गई विशेष कंपनी नई मुंबई स्पेशल इकनॉमिक जोन (एनएमएसईजेड) ४,३०० एकड़ जमीन का अधिग्रहण कर चुकी है। यह जमीन जेएनपीटी और निर्माणाधीन हवाई अड्डे के करीब है। ७ मार्च को आरआईएल ने एक सहयोगी कंपनी के जरिए एनएमएसईजेड के साथ एक समझौता किया। इसके तहत २,१८० करोड़ रुपए के शुरुआती भुगतान से कंपनी को जमीन का पट्टा और इसे विकसित करने के अधिकार मिल गए। कंपनी ने ७ मार्च को एक बयान में बताया कि उसने एक वैश्विक आर्थिक केंद्र विकसित करने के लिए महाराष्ट्र सरकार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें अंतरराष्ट्रीय साझेदारी से एक विश्वस्तरीय एकीकृत डिजिटल एवं सेवा औद्योगिक क्षेत्र बनाया जाएगा। कंपनी के अनुसार, 'यह परियोजना दिवंगत धीरूभाई अंबानी के सपने को पूरा करेगी जिन्होंने सबसे पहले १९८० के दशक में नई मुंबई में एक विश्वस्तरीय शहर बनाने की पेशकश की थी। उनकी योजना दक्षिण मुंबई को सड़क मार्ग के जरिए नई मुंबई से जोड़ने की थी। यह परियोजना दक्षिण मुंबई का बेहतर संस्करण होगी और इससे मुंबई में भीड़भाड़ कम होगी।' २००५ में अंबानी ने स्किल इन्फ्रास्ट्रक्चर के संस्थापक निखिल गांधी के साथ हाथ मिलाया था। गांधी ने चीन के मेगा एसईजेड की तर्ज परा विशेष आर्थिक क्षेत्र विकसित करने की योजना बनाई थी और इसके लिए वह जमीन भी अधिग्रहीत कर चुके थे। सूत्रों का कहना है कि टाटा समूह भी एसईजेड परियोजना में शामिल होने का इच्छुक था लेकिन अंबानी ने इसमें बाजी मार ली। २०१८ की शुरुआत में महाराष?ट्र सरकार ने इस परियोजना को निर्यातोन्मुखी क्षेत्र से औद्योगिक क्षेत्र में बदलने की अनुमति दे दी थी। एक सूत्र ने कहा, 'यह परियोजना भी 'जियो' की तरह खेल के नियमों को बदल देगी।' २००५ में सिंगापुर सरकार की कंपनी जुरोंग टाउन कॉरपोरेशन को इसके डिजाइन की जिम्मेदारी दी गई थी। यह वही कंपनी है जिसने सिंगापुर का डिजाइन तैयार किया था। अंबानी की परियोजना के लिए इसी तरह के मॉडल को अपनाया जाएगा। शहर का काम पूरा होने के बाद इसमें १० लाख से अधिक लोग रह सकते हैं और हजारों कंपनियां काम कर सकती हैं।

# टॉकीज बचाने के लिए ज़मा किया ९ साल का बकाया संपत्ति कर

**भिवंडी :** बकाया संपत्ति कर की वसूली को लेकर मनपा प्रशासन काफी सख्त है। वह भिवंडी की एक टॉकीज सील कर सकता था। इससे डर कर टॉकीज मालिक ने पिछले नौ साल का बकाया संपत्ति कर १३ लाख, ५५ हजार, ३६० रुपये जमा कर दिया। मनपा के कर वसूली विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण भिवंडी में बड़े पैमाने पर संपत्ति कर का बकाया हो गया है। मनपा की आय का स्त्रोत संपत्तिकर की वसूली न होने के असर शहर के विकास कार्यों पर असर पड़ रहा था। बकाया संपत्तिकर की वसूली का लक्ष्य पूरा करने के लिए मनपा ने अभय योजना लागू करके बकाया संपत्ति कर के ब्याज में शत प्रतिशत की छूट भी दी थी। बावजूद इसके संपत्ति कर उम्मीद के मुताबिक जमा नहीं हो रहा था।

# पुलिस को चमका देकर ईरानी युवक फरार

**कल्याण ।** आंबिवली में ईरानी (बलूची) युवक को गिरफ्तार करने गई पुलिस के साथ धक्का-मुक्की का मामला सामने आया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुंबई पुलिस और कल्याण पुलिस की एक टीम आंबिवली, भास्कर स्कूल के पास एक आरोपी को गिरफ्तार करने गई थी, लेकिन वहां कई ईरानी समूह में थे, जिन्होंने पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की। भनक लगते ही वह युवक वहां से फरार हो गया, जिसे पकड़ने के लिए मुंबई और कल्याण पुलिस वहां पहुंची थी। फरार युवक को पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। कल्याण की खडगपाडा पुलिस ने कड़ा बंदोबस्त किया है। साथ ही आम चुनाव के मद्देनजर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# पेपर लीक आरोप की एमयू करेगा जांच

**मुंबई:** बीकॉम पेपर लीक मामले में मुंबई विश्वविद्यालय ने भाईंदर के अभिनव कॉलेज से रिपोर्ट मांगी है। कॉलेज व पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर ही विश्वविद्यालय कोई निर्णय लेगा। विश्वविद्यालय परीक्षा के १५ मिनट पहले मोबाइल पर उत्तर पढ़ने के मामले को पेपर लीक नहीं मानता है। विश्वविद्यालय प्रवक्ता विनोद मलाले के अनुसार, अभिनव कॉलेज के प्रिंसिपल ने परीक्षा के कुछ समय पहले एक विद्यार्थी के बाथरूम में उत्तर पढ़ने की जानकारी भेजी थी। मामले की जानकारी मिलते ही प्रिंसिपल को तत्काल पुलिस में शिकायत करने का आदेश दिया गया। इसके बाद ३ विद्यार्थियों को हिरासत में लिया गया था। विद्यार्थी के मोबाइल से प्रश्न पत्र नहीं मिला, इस वजह से इससे पेपर लीक नहीं माना जा सकता है। मामले की विस्तृत जांच के लिए कॉलेज से रिपोर्ट मंगवाई गई है।

# सेक्स दलाल लाए जाएंगे भारत, रेड कॉर्नर नोटिस भेजे जाने की तैयारी



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने उन दलालों की शिनाख्त कर ली है, जो खाड़ी देशों में भारत से काम की तलाश में गई लड़कियों का यौन शोषण करते थे। क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी के अनुसार, हमने दो सेक्स दलालों से जुड़ी पूरी जानकारी केंद्रीय जांच एजेंसियों को भेज दी है। अब इन दोनों के खिलाफ इंटरपोल के जरिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जाएगा। विदेश में बैठे सेक्स दलालों के तीन साथियों को मुंबई क्राइम ब्रांच ने गत अक्टूबर में मुंबई में गिरफ्तार किया था। मुंबई में गिरफ्तार आरोपी भारत से लड़कियों की फोटो वॉट्सऐप पर खाड़ी देशों में भेजते थे। जिन लड़कियों के फोटो को ओके किया जाता था, उनसे कहा जाता था कि विदेश में होटेल में नौकरी करने पर मोटी पगार मिलेगी। लड़की जब तैयार हो जाती थी, तब उसे कुछ रकम अडवांस में दी जाती थी। फिर उसका ३ महीने का टूरिस्ट वीजा बनवाया जाता था और फिर उसे वहां भेज दिया जाता था। लड़कियों को वहां डांस बार में काम दिया जाता था। वहां उनके जरिए देह व्यापार भी चलता था। पिछले साल जब राजस्थान की एक लड़की इस ट्रैप में फंस गई थी, तब उसकी शिकायत पर मुंबई क्राइम ब्रांच ने मोहम्मद कमाल शेख, टिकू दिनेश राज और फरीद उल हक नामक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था।


मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है

CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIA-TION (REGD.)



अच्छे मियाँ

कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-

(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738



New Huma Caterers ®

Jogeshwari

★ We Have No Branch ★

Mohd. Salim
9820710325 / 9967865102
9867868339 / 26790046

: Address :
Shop No. 1, Old Ghaswala Stable, Next to Syndicate Bank, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.

Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com


*मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी (पश्चिम), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह*